web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

SJU Govt. Registered Social Justice Union

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, मंगलवार 18 अक्टूबर 2022 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 22

## महत्वपूर्ण एवं खास

### जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ बने देश के नए सीजेआई, राष्ट्रपति ने की नियुक्ति

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारत के संविधान द्वारा प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश डॉ. न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ को भारत के मुख्य न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया है। भारत के सीजेआई के रूप में उनका कार्यकाल 9 नवंबर 2022 से प्रभावी होगा। केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी है।

### कश्मीरी पंडित की हत्या के विरोध में कार्यालय में तोड़फोड़

**श्रीनगर (आरएनएस)।** केंद्रशासित प्रदेश जम्मू कश्मीर की राजधानी श्रीनगर में कार्यकर्ताओं के एक समूह ने सोमवार को अलगाववादी समूह ऑल पार्टीज हुर्रियत कांफ्रेंस (एपीएचसी) के कार्यालय में तोडफ़ोड़ किया। प्रदर्शनकारियों ने राजबाग में एपीएचसी के कार्यालय का साइनबोर्ड हटा दिया और उसके मुख्य द्वार पर भारत लिख दिया। अगस्त माह में एक कश्मीरी पंडित ने हुर्रियत ऑफिस पर तिरंगा फहराया था जिसे बाद में हटा दिया गया। गौरतलब है कि 05 अगस्त, 2019 को जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा समाप्त होने के बाद एपीएचसी का कार्यालय बंद कर दिया गया और हुर्रियत के अध्यक्ष मीरवाइज उमर फारूक भी उस समय से नजरबंद हैं।

### स्क्रैप बिक्री में रेलवे ने बनाया नया रिकॉर्ड, 6 महीने में ही कमाए 2,582 करोड़

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारतीय रेलवे ने स्क्रैप बिक्री में इस बार रिकॉर्ड बनाया है। इस वित्तीय वर्ष 2022-23 के पहले छह महीनों में उल्लेखनीय स्क्रैप बिक्री दर्ज की गई है। इस सेल के जरिए भारतीय रेलवे ने सितंबर 2022 तक पिछले साल की तुलना में 2003 करोड़ रुपये की तुलना में कुल 2582 करोड़ रुपये की कमाई की है। ये कमाई पिछले वित्तीय वर्ष के मुकाबले 28.91 प्रतिशत अधिक है। रेलवे के मुताबिक वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए कबाड़ की बिक्री से आय का लक्ष्य 4400 करोड़ रुपए रखा गया है। 2021-22 में 3,60,732 मीट्रिक टन की तुलना में 2022-23 में 3,93,421 मीट्रिक टन लौह स्क्रैप का निपटान इस साल किया गया था। साथ ही 2022-23 में 1751 वैगनों, 1421 कोचों और 97 इंजनों का निपटान किया गया है। जबकि वित्तीय वर्ष 2021-22 में सितंबर 2021 तक 1835 वैगनों, 954 कोचों और 77 इंजनों का निपटान किया गया था। भारतीय रेलवे ई-नीलामी के माध्यम से स्क्रैप सामग्री और बिक्री करता है।

### आईएमए की ग्रुप सी परीक्षा में ब्लूटूथ से नकल करते तीन पकड़े

**देहरादून (आरएनएस)।** उत्तराखंड के देहरादून स्थित भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए) में आयोजित ग्रुप सी की परीक्षा में इलेक्ट्रानिक डिवाइस से नकल करते तीन युवकों को पकड़ लिया गया। तीनों हरियाणा के निवासी हैं। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि रविवार को आईएमए में आयोजित ग्रुप सी परीक्षा के दौरान, ब्लूटूथ से नकल करते हुए तीन लोगों को आर्मी के कक्ष निरीक्षकों द्वारा पकड़ा गया। तीनों लोगों को मय उपकरण के थाना कैंट पुलिस को सुपुर्द किया गया। इस संबंध में थाना कैंट में उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम 1998 सहित कई अन्य धाराओं के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है।

# भीषण सड़क हादसा : ट्रक ने कार को मारी टक्कर, एक ही परिवार के चार सदस्यों सहित पांच की मौत



**हांसी (आरएनएस)।** हरियाणा के हांसी पुलिस जिला के गांव बास मदनहेड़ी में कल देर शाम भीषण सडक़ हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई। हादसे में कोसली और भिवानी के एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई। दुर्घटना में कोसली के डॉ. गोविंद मखीजा और भिवानी रहने वाले गारमेंट्स कारोबारी भाई सतपाल का परिवार है। परिवार कलायत में पुत्री को दिवाली का शगुन देने गया था। वापस कोसली जाते समय मदनहेड़ी के पास एक ट्रक काल बनकर आया और कार को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी, की कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे में मखीजा के परिवार के चार सदस्यों के अलावा जींद जिले के धमताना निवासी 23 वर्षीय युवक की भी मौत हो गई।

वह नेवी में सेवारत थे। हादसे में डोली (50), साहिल (26), आराध्य (11) और इसकी मां रजनी (50) की मौत हो गई, जबकि गोविंद (54) को गंभीर हालत में रेफर किया गया। हादसे में जींद के धमतान निवासी मंजीत की भी मौके पर ही मौत हो गई। इस हादसे में बाइक सवार बास निवासी सुरेंद्र शर्मा और उसकी पत्नी सरिता गंभीर रूप से घायल हैं, उन्हें बास के निजी अस्पताल में दाखिल करवाया गया है।

डॉ. गोविंद को गंभीर हालत में हिसार रेफर किया गया है। पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया है,जिसे मंगलवार को अदालत में पेश किया जाएगा। सूचना मिलने पर बास थाना प्रभारी नरेन्द्र पाल, हांसी एसडीएम डॉक्टर जितेन्द्र अहलावत नागरिक अस्पताल में पहुंचे और उन्होंने घटना की सारी जानकारी ली। ट्रक चालक हादसा होते मौके से फरार हो गया था। पुलिस में दर्ज शिकायत के अनुसार आरोपी ट्रक चालक को मौके पर गांव के लोगों ने पकड़ लिया। आरोपी ट्रक चालक सरदार सिंह झुंझनु के मेघवाल गांव का रहने वाला है। ट्रक चालक को मंगलवार हांसी कोर्ट में पेश किया जाएगा। डॉक्टरों ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनो के हवाले कर दिया है।

बास थाना प्रभारी नरेंद्र पाल ने बताया कि रात करीब साढ़े सात बजे बास गांव के पास ड्राइवर ने लापरवाही से ट्रक चलाते हुए एक कार को टक्कर मारी। इसके बाद बाइक को टक्कर मारी। ट्रक मुढाल से जींद की ओर जा रहा था। कार जींद से मुढाल की ओर आ रही थी। ट्रक की रफ्तार बहुत तेज थी और ड्राइवर ने रॉन्ग साइड से टक्कर मारी। कार में भिवानी निवासी डोली, उसका बेटा साहिल, गोविंद, बच्चा आराध्य, रजनी एक कार में सवार होकर थे और भिवानी लौट रहे थे।

## हैदराबाद में शख्स ने पत्नी और दो बच्चों की हत्या कर की खुदकुशी

**हैदराबाद (आरएनएस)।** एक चौंकाने वाली घटना में, हैदराबाद में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी और दो बच्चों की हत्या कर आत्महत्या कर ली। चंदनगर इलाके के पापीरेड्डी कॉलोनी में उनके घर से पड़ोसियों द्वारा दरुगध की शिकायत के बाद पुलिस ने सोमवार को दरवाजा तोड़ा जिसके बाद शव मिले। घर में नागराजू, उनकी पत्नी सुजाता और बच्चों सिदप्पा (11) और राम्याश्री (7) के शव पड़े मिले। पुलिस को आशंका है कि घटना शुक्रवार की है। नागराजू ने अपनी पत्नी और बच्चों पर दर्जी के लिए इस्तेमाल की जाने वाली कैंची से हमला किया और उन्हें मारने के बाद खुद को फांसी लगा ली। मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। साइबराबाद पुलिस आयुक्तालय के तहत चंदनगर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है। मूल रूप से संगारेड्डी जिले के जहीराबाद के रहने वाला नागराजू पिछले कुछ सालों से हैदराबाद में रह रहा था और सेल्समैन का काम कर रहा था। नागराजू के परिवार के सदस्यों ने कहा कि वह अक्सर अपनी पत्नी के साथ झगड़ता रहता था। उन्हें शक है कि शुक्रवार रात सुजाता के साथ हुए झगड़े के दौरान उसने यह भयावह कदम उठाया। चूंकि पिछले तीन दिनों से घर में ताला लगा था और दरुगध भी आ रही थी, पड़ोसियों को शक हुआ और पुलिस को सूचना दी। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि वे सभी एंगल से मामले की जांच कर रहे हैं।

## एमपी के बाद अब उत्तरप्रदेश में भी हिंदी में होगी मेडिकल-इंजीनियरिंग की पढ़ाई, योगी सरकार का अहम फैसला



**लखनऊ (आरएनएस)।** मेडिकल और इंजीयरिंग की पढाई करने वालों के लिए एक ख़ास खबर है। योगी सरकार की तरफ से अब इस फील्ड में काम रिसर्च करने वालों के लिए भाषा का एक और विकल्प सरकार ने खोल दिया है। दरअसल, राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत भारतीय भाषाओं को बढ़ावा देने की दिशा में एक और कदम बढ़ाते हुए योगी सरकार ने राज्य में मेडिकल और इंजीनियरिंग की पढ़ाई हिंदी भाषा में भी करने का फैसला लिया है। मध्यप्रदेश के बाद उत्तरप्रदेश दूसरा इस राज्य हैं जहां ये फैसला लिया गया है। इतना ही नहीं इस कम के लिए पुस्तकों का अनुवाद कार्य भी लगभग पूरा हो गया है।

बता दें कि केंद्र सरकार ने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत भारतीय भाषाओं में मेडिकल और इंजीनियरिंग की पढ़ाई का फैसला किया है। इसके लिए तीन पुस्तकों का हिंदी में अनुवाद कराया गया है, जिसका विमोचन गृहमंत्री अमित शाह ने बीते दिन किया था। अब तक सिर्फ अंग्रेजी में ही हायर स्टडी की जाती थी लेकिन इस फैसले के बाद बच्चों को अपनी भाषा में ही पढऩे का मौका मिलेगा।

## अमेरिकी अखबार ने निर्मला सीतारमण को बताया वांटेड , इस सूची में 13 और लोगों के हैं नाम, भारत आग बबूला




**नई दिल्ली (आरएनएस)।** संयुक्त राज्य अमेरिका की अखबार वॉल स्ट्रीट जर्नल ने मोदी सरकार के खिलाफ विज्ञापन प्रकाशित किया था। इसके बाद विवाद बढऩे लगा है। भारत में जहां इसका विरोध शुरू हो गया है। वहीं अखबार के संपादकों से माफी की मांग की जा रही है।

भारत की सूचना व प्रसारण मंत्रालय की वरिष्ठ सलाहकार कंचन गुप्ता ने इस विज्ञापन के लिए देवास मल्टीमीडिया के पूर्व सीईओ रामचंद्रन विश्वनाथन को जिम्मेदार ठहराया है। वहीं विज्ञापन के सबसे नीचे एक क्यूआर कोड भी है, जिसे स्कैन करने पर अमेरिकी थिंक टैंक फ्रंटियर्स ऑफ फ्रीडम की वेबसाइट खुलती है।

**वित्त मंत्री सीतारमण समेत 14 लोगों को बताया वॉन्टेड-** बता दें कि अमेरिकी अखबार ने अपने विज्ञापन में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण समेत 14 लोगों को वॉन्टेड की सूची में डालकर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। अखबार ने इन सभी पर आरोप लगाते हुए कहा कि ये सभी लोग भारत की संवैधानिक संस्थाओं को राजनीतिक और उद्योग जगत के विरोधियो के खिलाफ हथियारों की तरह इस्तेमाल कर रहे हैं। विज्ञापन के अंदर निवेशकों से कहा गया है कि वह भारत में निवेश न करें। अखबार ने भारत को निवेशकों के लिए असुरक्षित जगह बताया और आरोप लगाया कि केंद्र सरकार द्वारा केंद्रीय एजेंसियों पर नियंत्रण के कारण देश ने अपनी विश्वसनीयता खो दी है।

बता दें कि यह विज्ञापन ऐसे समय में आया है जब वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण खुद अमेरिकी दौरे पर हैं। इस सूची में सुप्रीम कोर्ट के जज हेमंत गुप्ता, सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता, एंट्रिक्स कॉर्प के चेयरमैन राकेश शशिभूषण, वी रामसुब्रमण्यम, स्पेशल पीसी (भ्रष्टाचार निवारण) एक्ट जज चंद्रशेखर, सीबीआई डीएसपी आशीष पारीक, ईडी के निदेशक संजय कुमार मिश्रा और अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एन वेंकटरमन का नाम शामिल है। इसके अलावा इस विज्ञापन में ईडी के सहायक निदेशक आर राजेश और उप निदेशक ए सादिक मोहम्मद का भी नाम शामिल है।

## ट्यूशन से घर लौट रही छात्रा के साथ ऑटो ड्राइवर और उसके दोस्तों ने किया गैंगरेप, मामला दर्ज



**लखनऊ (आरएनएस)।** चिनहट फायर स्टेशन के पास ट्यूशन से घर लौट रही एक छात्रा के साथ ऑटो ड्राइवर और उसके दोस्त ने गैंगरेप किया. इससे पहले जब ऑटो में बैठकर ड्राइवर उसे गलत रास्ते पर ले जाने लगा था तो छात्रा ने विरोध किया. इस पर ड्राइवर के साथी ने उसके सिर पर भारी चीज से हमला कर दिया. वह बेसुध हो गई. फिर उसे प्लासियो मॉल के पीछे जंगल में ले जाकर दोनों ने उसके साथ दुष्कर्म किया

शोर मचाने पर दोनों ने उसके शरीर के कई हिस्सों में जख्म दिए. इसके बाद उसे हुसडिय़ा चौराहे के पास ऑटो से सडक़ पर फेंक कर दोनों भाग निकले. रविवार को सोशल मीडिया पर यह घटना वायरल हुई तो अधिकारी हरकत में आए और विभूतिखंड कोतवाली में अज्ञात ड्राइवर व उसके साथी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया. आरोपित ड्राइवर के बारे में पुलिस को सुराग मिल गए हैं.

हुसैनगंज में रहने वाली यह पीड़िता (18) हजरतगंज के एक स्कूल में पढ़ती है. पीड़िता के मुताबिक वह शनिवार को रोजाना की तरह चिनहट फायर स्टेशन के पास टयूशन के लिए गई थी. वहां से लौटने के लिए करीब पौने सात बजे शाम को वह फायर स्टेशन के पास ही ऑटो का इंतजार कर रही थी. इसी दौरान एक ऑटो रुका. उसने चारबाग जाने की बात कही तो वह बैठ गई. इसमें एक युवक पहले से बैठा हुआ था.

ये लोग शहीद पथ पर ऑटो चढ़ाने लगे तो उसने विरोध करते हुए गलत रास्ते से क्यों ले जा रहे हो. ड्राइवर ने कहा कि आगे एक और सवारी उसे लेना है. जब ये लोग पलासियो मॉल के पास ऑटो उतारने लगे तो उसे कुछ शक हुआ. वह शोर मचाने लगी तो ड्राइवर के साथी ने किसी भारी चीज से उसके सिर पर वार कर दिया. जिससे वह बेसुध हो गई. छात्रा ने बताया कि दोनों लोग एक जंगल में ले गए थे जहां दोनों ने उसके साथ रेप किया. करीब तीन घंटे तक इन लोगों ने उसके साथ दुष्कर्म किया.

## मस्जिद में नाबालिग से दुष्कर्म के आरोप में मौलवी गिरफ्तार

**बिजनौर (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले में पुलिस ने एक मस्जिद में 15 वर्षीय नाबालिग युवती के साथ कथित तौर पर दुष्कर्म करने के आरोप में एक मौलवी को गिरफ्तार किया है। घटना कुछ दिन पहले की है जब नाबालिग युवती धार्मिक शिक्षा के लिए अमरोहा की मस्जिद में गई थी। उसने हाल ही में अपने पिता को अपनी आपबीती सुनाई। पीड़िता के पिता की शिकायत पर मौलवी के खिलाफ आईपीसी की धारा 376 (बलात्कार) और पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। इंस्पेक्टर पी.के. चौहान ने कहा, आरोपी मौलवी की पहचान अब्दुल कादिर के रूप में हुई है, जिसे जल्द ही अदालत में पेश किया जाएगा और सोमवार को जेल भेज दिया जाएगा।

## यौन उत्पीड़न के आरोप में आईएएस जितेंद्र नारायण को गृह मंत्रालय ने किया निलंबित

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने यौन उत्पीडऩ के आरोप में घिरे आईएएस अधिकारी जितेंद्र नारायण को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। जितेंद्र नारायण कुछ समय पहले तक अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह में मुख्य सचिव के तौर पर कार्यरत थे। गृह मंत्रालय ने बताया कि 16 अक्टूबर को अंडमान और निकोबार पुलिस के द्वारा उन्हें एक महिला के कथित यौन उत्पीडऩ के संबंध में एक रिपोर्ट प्राप्त हुई थी। इसमें जितेन्द्र नारायण के ऊपर गंभीर आरोप लगाए गए थे। रिपोर्ट से ये भी पता चला कि जितेंद्र नारायण द्वारा गंभीर कदाचार और आधिकारिक पद का दुरुपयोग किया गया था। इसके बाद गृह मंत्री अमित शाह ने कानून के मुताबिक कार्रवाई करने के आदेश दिए थे। इसके बाद गृह मंत्रालय ने तत्काल प्रभाव से जितेंद्र नारायण को निलंबित कर दिया है और उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई का आदेश दिया गया है। अंडमान एवं निकोबार पुलिस की एसआईटी द्वारा अलग से आपराधिक मामले में प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। जितेंद्र नारायण 1990 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। गृह मंत्रालय ने अपने बयान में कहा है कि सरकार अपने अधिकारियों द्वारा उनके रैंक और स्थिति के बावजूद अनुशासनहीनता के कृत्यों के प्रति शून्य सहिष्णुता सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है, खासकर महिलाओं की गरिमा से जुड़ी घटनाओं के संबंध में। गौरतलब है कि हाल ही में एक महिला ने जितेंद्र नारायण और अन्य पर नौकरी दिलवाने के नाम पर कथित यौन उत्पीडऩ करने का आरोप लगाया था।

## शाहरुख की जगह गांगुली को बनाएं बंगाल का ब्रांड एंबेसडर : ममता से सुवेंदु अधिकारी ने कहा



**कोलकाता (आरएनएस)।** पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने सोमवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को बॉलीवुड मेगास्टार शाहरुख खान की जगह भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली को राज्य के ब्रांड एंबेसडर की कुर्सी देने की सलाह दी।

दरअसल, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अपील करते हुए कहा कि वह सुनिश्चित करें कि कि सौरव गांगुली को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) चुनाव लडऩे की अनुमति मिले। इसके कुछ घंटे बाद सुवेंदु अधिकारी ने यह टिप्पणी की।

विपक्ष के नेता ने सोमवार को मीडियाकर्मियों से कहा, ममता बनर्जी को पहले शाहरुख खान को राज्य के ब्रांड एंबेसडर के रूप में हटाना चाहिए। खान के कुर्सी पर होने का कोई कारण नहीं है। इसके बजाय, यह कुर्सी सौरव गांगुली को दी जानी चाहिए। मुख्यमंत्री को पहले हर मुद्दे पर बेवजह की राजनीति करने के बजाय ऐसा करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी को देर से एहसास हुआ कि सौरव गांगुली पश्चिम बंगाल का गौरव हैं। अधिकारी ने कहा, अगर उन्हें पहले ही इस बात का एहसास होता, तो वह शाहरुख खान के बजाय उन्हें बहुत पहले ही पश्चिम बंगाल का ब्रांड एंबेसडर बना देतीं।

हालांकि, उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि गांगुली को राज्य का एंबेसडर बनाने पर उनकी टिप्पणियों का कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) से कोई संबंध नहीं था, जिसमें शाहरुख खान एक प्रमुख स्टेकहॉल्डर हैं। बता दें, गांगुली को केकेआर के कप्तान के रूप में हटा दिया गया था। गांगुली और खान के बीच दबती आवाज में झगड़े की खबर सामने आई थी।

इस बीच, गांगुली खुद पहले ही घोषणा कर चुके हैं कि वह बंगाल क्रिकेट संघ (कैब) के अध्यक्ष पद के लिए चुनाव लड़ेंगे, जो 31 अक्टूबर को होंगे। उसी दिन, कैब की वार्षिक आम बैठक होगी।

## नए रिकॉर्ड की ओर केदारनाथ यात्रा, अब तक 15 लाख श्रद्धालु कर चुके हैं दर्शन



**रुद्रप्रयाग (आरएनएस)।** उत्तराखंड में चारधाम यात्रा समापन की ओर है। केदारनाथ धाम की बात करें तो इस बार नया रिकॉर्ड बना है। पहली बार किसी यात्रा सीजन में 15 लाख यात्री केदारनाथ धाम पहुंचे हैं, जो एक नया कीर्तिमान है। अभी भी 10 दिन की यात्रा बाकी है। ऐसे में यह आंकड़ा बढ़ सकता है। रुद्रप्रयाग पुलिस अधीक्षक आयुष अग्रवाल ने कहा कि दो साल कोरोना महामारी के बाद यात्रियों की संख्या बढऩे की उम्मीद थी और अभी तक 15 लाख से ज्यादा यात्री बाबा केदार के दर्शन कर चुके हैं। जो कि एक रिकॉर्ड बन गया है। यात्रियों को बेहतर से बेहतर सुविधाएं देने के प्रयास किए गए हैं। यात्रा मैनेजमेंट काफी चुनौतीपूर्ण रहा। यात्रियों को समय पर दर्शन कराना और लंबे समय तक लाइन में न लगना पड़े, इसके लिए व्यवस्थाएं बनाना काफी चुनौती भरा रहा।

जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने कहा कि कोरोनाकाल के बाद यात्रियों की संख्या में बढ़ोत्तरी होने की पहले से ही उम्मीद थी। जिसके बाद पैदल यात्रा रूट का रख-रखाव, पैदल मार्ग पर पानी की व्यवस्था, साफ सफाई, रेन शेल्टर, टोकन सिस्टम आदि व्यवस्थाएं दुरुस्त की गई। इसका ही परिणाम है कि रिकार्ड यात्री केदारनाथ धाम पहुंचे हैं।

धाम में इन दिनों मौसम साफ है। सुबह से शाम तक बाबा केदार की नगरी में चटक धूप खिल रही है। जिससे धाम की चारों की ओर पहाडिय़ां चांदी की तरह चमक रही हैं। धाम की पैदल व हेलीकॉप्टर यात्रा विधिवत संचालित हो रही है। बाबा केदार के दर्शनों के लिए यात्रियों की लंबी लाइन लग रही है, जबकि संध्याकालीन आरती के समय भी मंदिर परिसर में खूब भीड़ जमा हो रही है।